भोले रख लो सेवादार | by Haridasi Poonam JI

उमापति मेरे भोले शंकर........
उमापति मेरे भोले बाबा हम दर तेरे आये हैं
मुझे रख लो सेवादार ओ भोले आस लगाए हैं

तेरे चरणों की छाया से दूर ना करना मुझको
जन्म जन्म तेरी सेवा करूं मैं ऐसा वर दो मुझको
खुशियां मिलती इस दर से हमें झोली फैलाये हैं
मुझे रख लो सेवादार ओ भोले आस लगाए हैं

हर पल तेरा नाम पुकारूँ निष् दिन तुम्हे ध्याऊँ
तेरी सेवा काम ना दूजा तेरे भजन मैं गाऊं
तेरी रेहमत हो जाए यही आस लगाएं हैं
मुझे रख लो सेवादार ओ भोले आस लगाए हैं

धन्य हो गए भोले जी हम पाके प्यार तुम्हारा
सिर पर हाथ सदा ही रखना ये उपकार तुम्हारा
शर्मा लिखता भजन तुम्हारे ज़िन्दगी ये गुज़ारे हैं
मुझे रख लो सेवादार ओ भोले आस लगाए हैं

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ad%e0%a5%8b%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%b0%e0%a4%96-%e0%a4%b2%e0%a5%8b-%e0%a4%b8%e0%a5%87%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%a6%e0%a4%be%e0%a4%b0-by-haridasi-poonam-ji/